**अपराध** | अलग-अलग घटनाओं में पांच की मौत, जिला अस्पताल परिसर में वृद्ध ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

# 14 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** .अलग-अलग घटनाओं में छात्रा सहित पांच लोगों की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. बताया गया कि अज्ञात कारणों के चलते नव जागृति स्कूल में अध्ययनरत 14 वर्षीय एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, फिलहाल कारण अज्ञात बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार देहात थाना की जबलपुर नाका चौकी के समीप सुभाष कॉलोनी निवासी छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाई है। फांसी लगाने के कारणों की जांच पुलिस कर रही है. जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई की. अन्य घटना में अज्ञात कारणों के चलते सेवाराम अहिरवार निवासी अथाई ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके शव का पंचनामा कर चौकी जबलपुर नाका के एएसआई अभय सिंह ने पोस्टमार्टम कराने बाद मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## सर्पदंश से सुमतरानी की मौत

दूसरी ओर जिला अस्पताल में ग्राम आनू थाना हिंडोरिया निवासी सुमतरानी धनगर की सर्पदंश से मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. जिला अस्पताल परिसर में ही 55 वर्षीय वृद्ध ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसे अस्पताल में भर्ती किया था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि मृतक उमेश ठाकुर निवासी बांसा कला थाना पथरिया के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई की गई. इसके अलावा सर्पदंश से राजेश पटेल निवासी पिपरोधा, जेरठ चौकी थाना पथरिया की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## ट्रक की टक्कर से सीएचओ घायल



गुरुवार सुबह जबलपुर ओर से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने स्कूटी सवार उप स्वास्थ्य केंद्र जोरतला में पदस्थ को शांति पटेल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। इसके गाद ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. जहां सीएचओ बाल-बाल बची और उन्हें सिर और अन्य जगह चोट आने पर इलाज के लिए 108 से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कार्यालय जा रही थीं शांति पटेल

प्राप्त जानकारी के अनुसार को स्कूटी से उप स्वास्थ्य केंद्र जोरतला ड्यूटी के लिए जा रही थी, तभी जबलपुर ओर से आ रहे ट्रक ने नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हथनी तिराहा के समीप टक्कर मार दी. मारूताल में पदस्थ सविता राजपूत ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार में था और सीएचओ को टक्कर मारकर पलट गया. सीएचओ का उपचार जारी है, वहीं पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

## दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत,जबेरा 7 अगस्त।** जिले की नोहटा पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 11 किलो 447 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.71 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने बताया कि घटना 3 अगस्त की है. नोहटा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि 17 मील चौराहे के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में एक पुरुष और एक महिला बैग में अवैध गांजा लेकर बिक्री के इरादे से बैठे हैं. सूचना की तस्दीक के बाद मौके पर दबिश दी गई. इस दौरान पुलिस को देखकर घबराए दो संदिग्धों को तुरंत हिरासत में लिया गया. पूछताछ में पुरुष ने अपना नाम रतिराम सेन, जबकि महिला ने अपना नाम मदीना खान बताया. पुलिस ने रतिराम सेन के कब्जे से 6 किलो 240 ग्राम गांजा और मदीना खान के कब्जे से 5 किलो 207 ग्राम गांजा पांच पैकेटों में बरामद किया।



## तेंदूखेड़ा में किसानों को खाद वितरित

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 7 अगस्त।** टोकनधारी किसानों को खाद मिलने का सिलसिला गुरुवार सुबह से प्रारंभ हो गया था. कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में पुलिस व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रही.

खाद वितरण केंद्र में सुबह एसडीएम सौरभ गंधर्व,एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर थाना प्रभारी नीतीश जैन, तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह, जनपद पंचायत सीईओ मनीष बागरी, सौरभ कोठियां सहा.आयुक्त सहकारिता, खाद आपूर्ति अधिकारी राजेश पटेल, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास और अन्य जिले के थाना प्रभारी मौजूद रहे. गुरुवार को 800 किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जिनके पास एक से 800 नंबर तक टोकन रहे उन्हीं को खाद वितरित की गई.

### एक नजर में

## समाजसेवी ने अस्पताल को 25 कुर्सियां दान की

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** समाज सेवी चौधरी प्रमेन्द्र सिंह बघा द्वारा स्व. चौधरी भानू प्रताप सिंह की स्मृति में गर्भवती महिलाओं को बैठने के लिए 25 कुर्सियां संस्था को दान की गई। इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेष ठाकरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी व सीबीएमओ हटा मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया व बटियागढ़ पहुंचकर पीएमएसएमए क्लीनिक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गर्भवती महिलाओं के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं व प्रदायित सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। पथरिया में डॉ. प्रियंका छाबडा ने 50 एवं बटियागढ़ में डॉ. सुनीता तंतुवाय ने 45 जोखिम वाली महिलाओं को समुचित उपचार सेवा दी गई।





## बुंदेली पुस्तक ई कुदाऊं हेरो का लोकार्पण

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** हिन्दी भवन म.प्र.राष्ट्र भाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन के सभागार भोपाल में राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात विद्वान साहित्यक विमर्श आयोजित हुआ, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कवयित्रि डॉ.प्रेमलता नीलम की चौदहवीं बुंदेली कृति ई कुदाऊं हेरो का लोकार्पण न्यायमूर्ति डीएस धर्माधिकारी के करकमलों से लोकार्पण किया गया। इसमें मंत्री संचालक कैलाश चन्द्र पंत,डॉ सूर्यप्रसाद दीक्षित, श्रीराम परिहार महेश सक्सेना अनीता सक्सेना की उपस्थित रही। अध्यक्ष धर्माधिकारी जी ने कहा यह बुंदेली काव्य संग्रह सम्पूर्ण बुंदेलखंड के दर्शन करवाती है, वीरों की गाथा, लोक-संस्कृति, धार्मिक स्थलों का वर्णन है,पंत जी ने बुंदेली रचनात्मक पुस्तक की प्रशंसा की, कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय सक्सेना ने किया।

## शिविर में 68 लोगों की स्क्रीनिंग की गई



**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हिण्डोरिया विकासखण्ड के बिसनाखेडी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में स्क्रीनिंग शिविर लगाकर टीबी जोखिम वाले जनसंख्या समूह में टीबी मरीजों की पहचान की गई। स्क्रीनिंग शिविर में कुल 68 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसमें टीबी की आशंका वाले 46 मरीजों का हाथ संचालित एक्स-रे मशीन से छाती का एक्स-रे किया गया, जबकि टीबी की आशंका वाले 22 लोगों का स्पूटम सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजा गया। इस दौरान टीबी जिला समन्वयक दीपक राजपूत, एसटीएस चेतन अग्रवाल, पीपीएसए विनोद अहिरवाल, सीएचओ रश्मि मुखरैया के अलावा सहयोगी मानक लाल रैकवार विशेष रूप से मौजूद रहे।



# 30 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

**सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित**

**नवभारत,पथरिया 7 अगस्त।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमएस) के अंतर्गत आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 30 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई.

गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के चौथे से नौवें माह के दौरान कम से कम एक बार विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में जांच एवं परामर्श मिल सके. जटिलताओं की समय रहते पहचान कर उपचार संभव हो सके. महिलाओं को हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त व मूत्र की जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण उपलब्ध कराए गये.महिलाओं की सोनोग्राफी जिला अस्पताल दमोह के सहयोग से निःशुल्क कराई गई. बटियागढ़ सीएचसी शिविर में जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर के आठिया, डीपीएम देवेन्द्र कस्तवार, डीसीएम ऋषि राज द्वारा संस्था का भ्रमण किया.

# सामाजिक कुरितियों पर लगाया जाएगा अंकुश

**पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियां गठित**

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** भारत सरकार के नीति आयोग की मंशानुसार संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह द्वारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत तेंदूखेड़ा ब्लॉक की सभी पंचायतों मे बाल संरक्षण समितियों का लगातार गठन किया जा रहा है।

इस बारे इस संबंध में संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे ने बताया कि जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण जैसी सामाजिक कुरितियों को रोकने के अलावा बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने की दिशा मे संस्था व्दारा व्यापक जनजागृति अभियान संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक की भैंसा, पुरा करौंदी, झलौन सहित 12 ग्राम पंचायतों मे बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया। समितियों में सभी सरपंचो, पंचों, सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्कूल प्रमुखों, शाला के सजग बच्चों आदि को रखा गया है।





### गरीब परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा

वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजात खान ने बताया कि ये समितियां पंचायत के सभी बच्चों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास की दिशा में काम करेगी। साथ ही पंचायतों के चिन्हित वंचित गरीब परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी संस्था व्दारा नीति आयोग की मंशानुसार किया जायेगा। तेन्दूखेडा ब्लाक मे समिति निर्माण एवं परियोजना की थीम विस्तार में कार्यकर्ता प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा, रिंकू यादव, दर्शन नामदेव आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## खाद वितरण के लिए बनाए 3 चेक पॉइंट

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार खाद वितरण सुचारू रूप से चल रहा है। गुरुवार को 1 से 800 तक के कूपन वाले किसानों को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद वितरण शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है और इसके लिए 3 चेकपॉइंट बनाए गए हैं, सत्ताईस मील पर एक चेकपॉइंट बनाया गया है, मंडी में दो चेकपॉइंट बनाए गए हैं - एक वाहनों के प्रवेश के लिए और दूसरा गोदाम के पास बनाया गया है। एसडीएम श्री गंधर्व ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है, सारी लाइनें बाकायदा लगाई गई हैं।

# स्टेशन पर श्रमदान से की गई साफ-सफाई

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दमोह स्टेशन पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त रेल कर्मचारियों के साथ स्टेशन प्रबंधक मुकेश जैन, सीबीपीएस आरडी मीणा व पंकज तिवारी श्रम कल्याण निरीक्षक व अन्य सभी विभागों के रेल कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेशन प्रांगण को झाड़ू लगाकर साफ किया। विदित है कि भारतीय रेल द्वारा स्वच्छता पखवाड़े को 1 से 15 अगस्त तक प्रथम चरण में व दूसरे चरण में 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक समस्त रेल मंडलों में साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्टेशन प्रबंधक मुकेश जैन द्वारा यात्रियों से रेल परिसर को साफ-स्वच्छ रखने का आग्रह किया गया।





# कर्मचारियों की समस्याओं का करें निराकरण

**मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने संयोजक को ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी**

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** जिले के जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मी और अंशकालीन कर्मचारियों ने मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ के माध्यम से जिला संयोजक को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने रक्षा बंधन से पहले वेतन भुगतान सहित कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगें वेतन भुगतान, स्थाई कर्मियों और अंशकालीन कर्मचारियों को रक्षा बंधन से पहले वेतन भुगतान किया जाए। डी.ए. एरियर भुगतान: स्थाई कर्मियों को शासन के आदेश अनुसार डीए वृद्धि पर एरियर राशि का भुगतान 15.03.2024 से आज तक नहीं हुआ है। वर्दी और कोट स्थाई कर्मियों को विगत10वर्षों से वर्दी और कोट नहीं मिले हैं। अंशकालीन कर्मचारियों का वेतन: अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की स्वीकृति दी जाए। अगर इन मांगों पर विचार नहीं किया तो कर्मचारी संघ ने 5 सितंबर को को आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



### इनकी रही उपस्थिति

मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यालय सचिव रूपनारायण विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष रानू यादव, प्रचार मंत्री वीरेंद्र कुमार जाटव, जागेश्वर तिवारी, कीरत सिंह ठाकुर, प्रवीण रावत, विभागीय अध्यक्ष दुर्जन लाल, अंगद सिंह, कमोद देवेंद्र चौबे, विजय सीग, खरगराम बबलू जैन, मीराबाई झुनकारी बाई सीताबाई उर्मिला शामिल थे।

## राखी व तिरंगा बिक्री के लिए स्थल का चयन

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि रक्षा बंधन व स्वतंत्रता दिवस पर्व पर फुटपाथ व अन्य स्थान पर राखी, तिरंगा व संबंधित सामग्री बेचने वाले दुकानदारों, स्व सहायता समूह को प्रशासन के निर्णय के अनुसार तिरंगा व राखी संबंधित सामग्री की दुकानों के लिये महिला बसति गृह, उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड व गोल बाजार टाउन हाल परिसर चयनित किया है। उन्होंने बताया कि नियत स्थान महिला बसति गृह, उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड एवं गोल बाजार टाउन हाल परिसर पर ही संबंधित दुकानदार/स्व सहायता समूह तिरंगा व राखी संबंधित सामग्री की दुकानें लगावे अन्य स्थान पर दुकाने लगाई जाती है, तो तत्काल दुकान हटाई जा कर सामग्री जप्त कर वैधानिक कार्यावाही की जावेगी।



## रानी अवंती बाई की जयंती पर कार्यक्रम 16 को

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** रानी अवंती बाई लोधी की जयंती विशाल तिरंगा यात्रा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर लोधी समाज की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि लोधी समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी (मासाब) व अरविंद सिंह लोधी युवा जिला अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में रानी अवंती बाई लोधी के कार्यक्रम को लेकर भाव सिंह लोधी ने बताया कि 16 अगस्त दिन शनिवार को दमोह शहर के तहसील मैदान में सुबह 11 बजे हम सभी एकत्रित होंगे. तत्पश्चात तिरंगा यात्रा के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए जटाशंकर स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थल के समीप मंचीय व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में नृत्य आदि माध्यम से रानी अवंती बाई लोधी की वीर गाथाओं के बारे में बताया जायेगा.

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में पप्पू सिंह लोधी, मुकेश सिंह, दर्शन सिंह, तखत सिंह, हीरा सिंह,नारायण सिंह, चंदन सिंह,देवी सिंह, चित्तर सिंह, लोकेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, जगदीश सिंह, मुरारी से गनेश सिंह, राजा सिंह, मुकेश सिंह, राकेश सिंह, अनिल सिंह, हलगज दिनेश सिंह, रियाना से नीतेश सिंह, आनू से राव विक्रम सिंह, खडेरा से शिव सिंह, मेघराज सिंह, बलारपुर से नन्हे सिंह, बमौरी से मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

**उत्साह** | हटा से बांदकपुर धाम पहुंची जय हिंदू राष्ट्र कांवड़ यात्रा का किया गया स्वागत, झाकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

# डेढ़ लाख भक्तों ने किए भोलेनाथ के दर्शन, बम भोले के लगे जयकारे

**नवभारत,दमोह 7 अगस्त।** चौथे श्रावण सोमवार पर शाम 5 बजे 2000 हजार से अधिक भक्तों की जय हिंदू राष्ट्र भक्तों की कांवड़ यात्रा हटा से बांदकपुर पहुंची. यहां बांदकपुर धाम कॉरिडोर अभियान की टीम ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर आरती उतारकर स्वागत किया. यात्रा में सुंदर झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं.



भगवान भोलेनाथ का सजीव चित्रण, डीजे, ढोल बाजों की धुन पर भक्त झूमते हुए बम-बम भोले हर हर महादेव के जयघोष करते हुए यात्रा भगवान भोलेनाथ के मुख्य द्वार पर पहुंची. भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक पूजन किया. भगवान भोलेनाथ की आरती में उज्जैन की तर्ज पर ढोल बाजों की प्रस्तुति दी गई. हटा से यात्रा में भोले के भक्त पप्पू महाजन, राजा तंतुवाय, हरिशंकर साहू के अलावा हजारों कांवड़ियां मौजूद रहे. यात्रा के बांदकपुर पहुंचने पर स्वागत कार्यक्रम में श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल कॉरीडोर अभियान के राम शंकर गौतम, कृष्णा पटेल, नितिन राजपूत, अंशु दुबे, अरविंद पाठक, चंद्रपाल परिहार, तुलसीराम तिवारी की उपस्थिति रही।

### पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

दमोह शहर स्थित मारुताल से युवाओं की टीम भक्तों के साथ 500 भक्तों की कांवड़ यात्रा तिलवारा घाट जबलपुर से 251 लीटर नर्मदा जल लेकर बांदकपुर पहुंची. मंदिर मुख्य द्वार पर सभी कांवड़ियों का शिव भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. यात्रा में करणी सेना के जिला अध्यक्ष नितिन राजपूत, पूज्य संत नित्यानंद दास महाराज, विशाल राजपूत, दिग्विजय सिंह कपिल राजपूत, निहाल राजपूत, संतोष राजपूत, दीपक राजपूत, भैयान ठेकेदार, धनेंद्र राजपूत, मोनू विकास विशाल राजपूत की उपस्थिति रही.

## गोवर्धन पर्वत के पास किया पौधा रोपण



श्रावण के पवित्र माह में प्रसिद्ध हिंदूतीर्थ तीर्थ के धार्मिक प्राकृतिक रमणीय स्थल गोवर्धन पर्वत के पास सरोवर सड़क किनारे शिवभक्तों के आव्हान प्रयास से पौधा रोपण का कार्य किया जा रहा है. पिछले लगभग 12-15 वर्षों से शिवभक्तों के द्वारा गोवर्धन पर्वत व आसपास पौधारोपण किया जा रहा है. वर्षों पहले लगे अनेक पौधे संरक्षण सेवा से अब 20-25 फीट ऊंचे हो गए हैं।

### शिवभक्तों ने लगाए ट्री गार्ड

शंकर गौतम ने बताया कि शिवभक्तों द्वारा बड़े व्यवस्थित गड्ढे कराए गए, फिर काली मिट्टी और खाद के साथ पौधा लगाया. पौधे को सीधा रखने बड़े बांस लगाए और ट्री गार्ड को मजबूती से गिट्टी रेत सीमेंट से सेट किया फिर बाहर सुरक्षा के लिए कटीले कांटे लगाए गए.शिवभक्तों का मानना है पौधे भले ही कम लगे पर व्यवस्थित व मजबूती से लगे और समय समय पर इनकी देख रेख हो.बांदकपुर धाम में लगे पौधों से यात्रियों श्रद्धालुओं को शीतल छाया मिलेगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भारती अहिरवाल उम्र 34 वर्ष पति स्व. श्री सेवक अहिरवाल निवासी-ग्राम-रोड़ा तह. पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ:- 01. यह कि मैं ग्राम - रोड़ा, तह.- पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) की स्थायी निवासी हूँ। 02. यह कि मेरा आधार कार्ड नंबर 7453 4895 9002 है, जिसमें मेरा नाम केशर अहिरवाल दर्ज है। 03. यह कि जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों एवं परिचय पत्र / वोटर आई.डी. नंबर ZMZ 1271048 में मेरा नाम भारती अहिरवाल दर्ज है और जो कि सही एवं सत्य है। 04. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम केशर अहिरवाल के स्थान पर भारती अहिरवाल दर्ज करवाना चाहती हूँ।

गलत नाम - केशर अहिरवाल
सही नाम - भारती अहिरवाल

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रामकिशन उम्र 46 वर्ष पिता श्री दशरथ सींग जाति गौंड निवासी घटेरा रोड, मंदिर के पास पटना मानगढ, जिला दमोह (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:- 01. यह कि मैं घटेरा रोड, मंदिर के पास पटना मानगढ, जिला दमोह (म.प्र.) का स्थायी निवासी हूँ। 02. यह कि मेरा आधार कार्ड नंबर 7467 8582 8625 है, जिसमें मेरा नाम रामरतन दर्ज है। 03. यह कि जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों एवं परिचय पत्र/वोटर आई.डी. नंबर ZRM 5505813 में मेरा नाम रामकिशन दर्ज है और जो कि सही एवं सत्य है। 04. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम रामरतन के स्थान पर रामकिशन दर्ज करवाना चाहता हूँ।

गलत नाम - रामरतन
सही नाम - रामकिशन